म्हारा हरियाणा, सक्षम हरियाणा

# CREATIVE ANDCRITICAL THINKING REFERENCE & PRACTICE MATERIAL

## Hindi, Class-8

(बस की यात्रा व दीवानों की हस्ती आधारित)


TESTING AND ASSESSMENT WING

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH & TRAINING

GURUGRAM (HARYANA)

प्रतिमान - 1 (बस की यात्रा आधारित)

मुझे एक दिन काम से राजनगर जाना था । लेकिन हाय री,फूटी किस्मत ! मेरी बाइक का टायर पंचर हो गया । जरूरत के समय पर ये भी नखरे बहुत दिखाती है । अब इसके साजो-सिंगार का समय तो था नहीं ,सो चल पड़ा ऑटो की तलाश में । सैकड़ो ऑटो सामने से निकल गए लेकिन मजाल है किसी ने भी रोका हो । 20-25 मिनट बाद बमुश्किल एक ऑटो वाले को मेरी हालत देख कर दया आ गयी और उसके ऑटो में मै सवार हो गया ।पहले ही काफी लेट हो गया था । बॉस आज दरवाजे पर ही मिलेंगे मेरी आरती उतारने के लिए।ऑटो की हालत बिलकुल ऐसी ही थी जैसी मै कभी अपने बुढ़ापे की कल्पना करता था । ऑटो सभी सुविधाओं से परिपूर्ण था । चारों तरफ से हवादार। सबके लिए इतनी सहूलियत थी कि कोई भी आदमी चलता हुआ उसे पकड़ कर बैठ जाए। किसी को बाहर से कोई आवाज सुनाई ना दे, इसके लिए ऑटो की आवाज ही काफी थी जो कानो में रस घोल रही थी । इतनी सुविधाएँ आजकल कहाँ मिलती है? मै सोच रहा था कि इतने आरामदार ऑटो में जब तक पहुँचूँगा तब तक वापिस आने का समय भी हो जाएगा।

प्रश्न-. 1 लेखक ने अपनी किस्मत को 'फूटी' क्यों कहा है ?

प्रश्न-. 2 आपने यातायात के कौन कौन से साधनों में यात्रा की है ? किन्ही तीन साधनों के नाम लिखिए

प्रश्न-. 3 ऑटो चारो तरफ से हवादार था - इस वाक्य से आप क्या समझते है ?

प्रश्न-. 4 मै अपने घर से ऑफिस के लिए सुबह 8 बजे निकला। लेकिन बाइक ख़राब हो जाने के कारण ऑटो से मुझे रोजाना से ऑफिस पहुंचने में एक घंटा अधिक समय लगा और मै ऑफिस 10 बजे पहुंचा।मुझे रोजाना घर से ऑफिस जाने में कितना समय लगता है ?

प्रश्न-. 5 अगर मेरे घर से ऑफिस 40 किलोमीटर दूर हो और मै बाइक से 30 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से ऑफिस जाता हूँ तो मैं कितने समय में ऑफिस पहुँच जाऊँगा?

- डॉ.अश्विनी शर्मा प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम

**प्रतिमान -2 (बस की यात्रा पाठ- साम्य आधारित स्व-रचित गद्यांश)**

हम चार मित्रों ने तय किया कि शाम पाँच बजे की बस से जाएँगे I गुरुग्राम से दिल्ली तक एक घंटा लग जाएगा, उसके बाद दिल्ली से मनाली तक सीधी बस पकड़ लेंगे। रात आराम से बस में सोते हुए बीत जाएगी। सुबह- सुबह मनाली पहुँचकर किसी अच्छे से होटल में कोई कमरा देख लेंगे। वहीं नहा-धोकर , नाश्ता-पानी करके घूमने निकल पडेंगे। रात को सफ़र करने का यही फायदा होगा कि हमें एक दिन और मिल जाएगा, उन हसीन वादियों के दीदार के लिए।

तय किए गए समयानुसार हम सब ठीक पाँच बजे गुरुग्राम के बस अड्डे पर पहुँच चुके थे और हमें हमारी मंजिल की ओर ले जाने वाली बस हमारी आँखों के सामने थी। उस समय वह बस खुशियों से भरे हुए किसी पिटारे जैसी प्रतीत हो रही थी। हम बस में चढ़ गए। ठीक समय पर दिल्ली पहुँच गए। सफ़र के अगले पड़ाव के लिए हम बहुत उत्सुक थे। दिल्ली के बस अड्डे से हमने कुछ खाने-पीने का आवश्यक सामान लिया और और अपनी मंज़िल की ओर रुख किया। दूर से वह किसी देवी के जैसे नजर आ रही थी जिसकी झोली में हमारी खुशियाँ सिमटी हुई थी। परन्तु हमारी यह अवस्था बहुत देर तक स्थिर न रह सकी।बस में कदम रखते ही हमने उसका स्वास्थ्य भाँप लिया था। उसे देखकर ऐसा आभास हो रहा था जैसे कि वह अभी- अभी निमोनिया से जंग लड़कर आई है। खैर , अब हमारे पास कोई दूसरा विकल्प भी नहीं था। हमने बिना एक-दूसरे की तरफ देखे यथास्थान अपना सामान रखा और साथ ही अपनी जान को भी हथेली पर रखकर बैठ गए।

प्रश्न-. 1 'अब बस करो' बस का अर्थ है -

क) वाहन ख) पर्याप्त ग) जबरदस्ती घ) साधन

प्रश्न-. 2. अगर दिल्ली से मनाली तक एक व्यक्ति के लिए बस का किराया 640 रूपए है तो 4 आदमियों का कितना किराया लगेगा?

प्रश्न-. 3. आपके अनुसार लेखक को ऐसा क्यों लगा कि जैसे बस अभी-अभी निमोनिया से जंग लड़कर आई है?

प्रश्न-. 4.अगर बस 50 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चल रही है तो वह दिल्ली से मनाली तक का 535 किलोमीटर सफर कितने समय में तय करेगी?

प्रश्न-. 5. गद्यांश 50 कि.मी. प्रति घंटा की चाल से वे सभी कितने बजे मनाली पहुंचे यदि घर से मनाली तक की दूरी 565 कि.मी. हो ।

- श्रीमती इंदु बाला प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम

**प्रतिमान -3 (बस की यात्रा पाठाधारित )**

मैं और मेरे परिवार के तीन सदस्य बस द्वारा हरिद्वार यात्रा के लिए पिछले सप्ताह सुबह सुबह निकल पड़े। हमने दिल्ली से हरिद्वार के लिए बस की टिकट खरीदे और बस में सीट पर बैठ गए। बस यात्रियों को लेकर अपने गंतव्य की ओर चल पड़ी । दिल्ली से आगे मेरठ के पास पुलिस की जीप में सवार कुछ सिपाहियों ने संकेत से बस रुकवा ली।उन्होंने बस की अच्छी तरह तलाशी ली और कुछ भी आपत्तिजनक वस्तु न मिलने पर बस को आगे बढ़ने की इजाजत दे दी। मैं अपने पिताजी के साथ खिड़की की तरफ वाली सीट पर बैठा था । रास्ते में आम के बाग, गन्ने के खेत , सड़क के आसपास हरे भरे पेड़ बड़ा ही मनमोहक दृश्य उपस्थित कर रहे थे । रास्ते में बस एक होटल पर रुकी , तो सब यात्रियों ने वहां जलपान किया। हमने भी वहां चाय नाश्ता किया और बस आगे बढ़ गई ।थोड़ा आगे चलते ही हमने देखा कि अभी -अभी हमारे आगे आगे चलने वाली एक मारुति कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। बड़े जोर की आवाज हुई और हम सब के कलेजे मुंह को आ गए। ड्राइवर ने बस को रोक दिया । मेरे पिताजी व बस के कुछ और यात्रियों ने मिलकर घायलों को कार से बाहर निकाला और एंबुलेंस बुलाकर उनको हस्पताल भेजा । उसके बाद हमारी बस सीधा हरिद्वार आकर रुकी । मुझे यह यात्रा हमेशा याद रहेगी।

प्रश्न-. 1 यदि दिल्ली से हरिद्वार का बस का एक व्यक्ति का किराया ₹350 है तो मेरे परिवार को कुल कितने रुपए चुकाने पड़ेंगे?

प्रश्न-. 2 यात्रा के दौरान लेखक ने कैसा मनमोहक दृश्य देखा ?

प्रश्न-. 3 दुर्घटनाग्रस्त यात्रियों की सहायता के लिए कौन आगे आए ?

प्रश्न-. 4 ‘कलेजा मुंह को आना’ मुहावरे का अर्थ सहित वाक्य प्रयोग कीजिए

प्रश्न-. 5 एक होटल में चाय की कीमत 10 रु ,दाल 80 रु , रोटी 5 रु ,आलू सब्जी 65 रु है ।यदि हम ने तीन कप चाय ,10 रोटी ,दो दाल व एक आलू की सब्जी ली, तो हमें होटल वाले को कुल कितने पैसे देने पड़ेंगे ,यदि वह कुल कीमत पर 10 प्रतिशत की छूट भी देता है।

- **राकेश कुमार, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बीसवामिल सोनीपत**

**प्रतिमान -4 ('दीवानों की हस्ती' कविता पर आधारित गद्यांश )**

इस संसार में कुछ व्यक्तियों का जीवन बड़ा ही अनिश्चय से भरा होता है| वे जीवन में कब क्या फैसला कर बैठे इसका कोई ठिकाना नहीं होता। वह अपने जीवन में सुख-दुख की कोई परवाह नहीं करते और जीवन के संघर्षों से डर कर नहीं भागते अपितु डट कर उनका सामना करते हैं। वे अपने जीवन में संग्रह को अधिक महत्व नहीं देते अपितु दूसरों के कल्याण के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देते हैं ।ऐसे व्यक्ति निष्कपट और निश्चल हृदय होते हैं । वे अपने मन में दूसरों के प्रति विरोध की भावना नहीं रखते। सबके हित में ही अपना ही समझते हैं । ऐसे व्यक्ति ही समस्त मानवता के पथ-प्रदर्शक होते हैं। उनका जीवन साधु-संतों ,वृक्षों और नदियों की तरह होता है जो हमेशा संसार के दूसरे प्राणियों को शीतलता प्रदान करते हैं और उनकी प्यास बुझाते हैं और उनके कष्ट दूर करते हैं । विश्व में कबीर, नानक, बुद्ध,महावीर और ईसा मसीह जैसे विशेष व्यक्ति हुए हैं जिन्होंने लोक कल्याण की अपनी भावना के कारण अपना स्थान मानव से भी ऊंचा उठा लिया और लोगों की नजर में भगवान का दर्जा प्राप्त कर लिया।

प्रश्न-. 1 समस्त मानवता का पथ-प्रदर्शक किसे कहा गया है?
प्रश्न-. 2 वृक्ष और नदियां किस प्रकार लोगों का कल्याण करते हैं?
प्रश्न-. 3 संत कबीर का जन्म सन 1398 ई. में हुआ था। गणना करके बताइए कि उनका जन्म आज से कितने वर्ष पूर्व हुआ था?
प्रश्न-. 4 महावीर और नानक ने किन गुणों से अपना स्थान ऊँचा उठाया ?
प्रश्न-. 5 गद्यांश में वर्णित महान आत्माओं की तुलना नदियों और वृक्षों से क्यों की गई है?

**- राकेश कुमार, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बीसवामिल सोनीपत**

**प्रतिमान -5 ('दीवानों की हस्ती' कविता आधारित )**

हम हैं मस्ती के राजा, जिधर जाएँगे,

फूल खुशियों के सब पर बिखर जाऍगे ।।

बाँट सुख-दुख तुम्हारा हँसे -रोएँगे,

फिर बढ़ेंगे, बनाएँगे एक आशियाँ,

प्यार देकर भी मिल जाए थोड़ा-सा सुख,

ऐसे रोशन सितारों में होगा जहाँ,

कोई अपना-पराया नहीं हो वहाँ,

ऐसे दामन को लेकर संवर जाऍगे ।।

प्रश्न- 1 'मस्ती के राजा' से आप का क्या अभिप्राय: है ?
प्रश्न- 2 'फूल खिलना' का सांकेतिक अर्थ क्या है ?
प्रश्न- 3 काव्यांश में प्रयुक्त कोई दो शब्द-युग्म ढूँढ कर लिखिए।
प्रश्न- 4 कवि अपने प्रेम के प्रत्युत्तर में क्या चाहता है ?
प्रश्न- 5 यदि एक आशियाँ (घर) बनाने के लिए बैंक से 5 लाख का गृह-ऋण (होम-लोन) लिया गया जिसका ब्याज 9 प्रतिशत वार्षिक था उसका प्रथम माह की ब्याज राशि बताइए

- **डॉ. अश्विनी शर्मा प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम**

**प्रतिमान -6 (दवा विज्ञापन आधारित )**




1 तुलसी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए

2 इम्युनिटी को बढ़ाया जाना क्यों आवश्यक है ?स्पष्ट कीजिए-

3 विज्ञापन के आधार पर तुलसी के कितने प्रकार शामिल किए गए हैं ?

4. विज्ञापन में उत्पाद की नकल से बचने के लिए क्या कथन प्रयुक्त हुआ है ?

5 . तुलसी 51 की एक शीशी में 20 ML दवा आती है और यदि हर रोज 5 बूंदों के रूप में 0.5 ML लिया जाए तो दवा कितने दिन चलेगी ?

- दलीप कुमार, हिंदी प्रवक्ता, रा० व ० मा ० वि ० ढंढेरी (हिसार)

प्रतिमान -**7** (बागवानी विकास आधारित )

## किसानों को एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत
# अनुदान सुविधाएं

| क्र. | मद | लागत मानदण्ड | सहायता का प्रतिमान |
|---|---|---|---|
| 1 | आम, बेर, अमरूद व नींबू वर्गीय नए बागों की स्थापना | ₹ 30,000 से ₹ 40,000 तक प्रति हेक्टेयर | 50% अनुदान राशि जो कि अधिकतम 4 हेक्टेयर प्रति लाभार्थी |
| 2 | बागों का रख-रखाव (प्रथम तथा द्वितीय वर्ष) | ₹ 35,000 से ₹ 91,655 तक | अनुदान राशि 20% प्रथम वर्ष में यदि 75% पौधे जिंदा हैं तथा 20% द्वितीय वर्ष में यदि 90% पौधे जिंदा हैं। |
| 3 | आम तथा बेर के पुराने बागों का जीर्णोद्धार (Rejuvenation) | ₹40,000 प्रति हेक्टेयर | अधिकतम प्रति लाभार्थी 2 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए कुल लागत का 50% अनुदान राशि। |
| 4 | बागों के लिए सामुदायिक तालाबों का निर्माण | ₹20 लाख प्रति इकाई | 10 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचित करने की क्षमता वाले 100×100×3 मीटर के तालाब के लिए 100% अनुदान राशि। |
| 5 | बागों के लिए व्यक्तिगत तालाबों का निर्माण | ₹1.50 लाख प्रति इकाई | 50% अनुदान राशि। अधिकतम ₹ 75,000 |
| 6 | हाईब्रीड सब्जियों की खेती | ₹50,000 प्रति हेक्टेयर | लागत का 40% अर्थात ₹ 20,000 प्रति हेक्टेयर अधिकतम 1 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए। |
| 7 | Open pollinated सब्ज़ियों का बीज उत्पादन | ₹35,000 प्रति हेक्टेयर | लागत का 35% अर्थात ₹ 12,250 प्रति हेक्टेयर |
| 8 | मशरूम (उत्पादन, कम्पोस्ट मेकिंग, स्पॉन यूनिट) | ₹15 लाख से ₹20 लाख प्रति इकाई | लागत का 40%। प्रोजेक्ट आधारित |

1. बागवानी और खेती में कोई दो अंतर स्पष्ट कीजिए

2. यदि एक हेक्टेयर के लिए आम का बाग़ लगाने हेतु लागत 40000 रूपए है और अनुदान राशि 50% मिलती है तो 3.5 हेक्टेयर के लिए कितनी राशि प्राप्त होगी ?

3. सरकार द्वारा किसानो को अनुदान सुविधा उपलब्ध करवाने के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए

4. यदि बेर से प्रति एकड़ लाभ ₹ 30000 होता है और अमरुद से ₹ 45000 तो अमरुद उत्पादन में लाभ कितने प्रतिशत अधिक है?

5. निम्न में से सही विकल्प का चुनाव करें -

(क) बागों के लिए सामुदायिक तालाबों का निर्माण कराने हेतु लागत मानदंड 2500000 रुपये है।

(ख) आम एवं बेर हेतु सहायता का प्रतिमान 2 हेक्टेयर प्रति लाभार्थी है ।

(ग) महालक्ष्य सहायता प्रतिमान लागत का 45% है ।

(घ) हाइब्रिड सब्जियों की खेती पर अनुदान ₹ 52000 प्रति हेक्टेयर है ।

**- वीरेंद्र कुमार हिंदी प्रवक्ता, रा० मा ० व ० मा ० वि ० शीशाय (हिसार)**

प्रतिमान -**8** (समृद्धि खाता योजना)




1. सुकन्या समृद्धि खाता खोलने के लिए अधिकतम आयु कितनी है ?

2. सुकन्या समृद्धि खाता खोलने के लिए कौन-कौन से आवश्यक दस्तावेजों की जरूरत होती है?

3. सुकन्या समृद्धि खाता योजना में अधिकतम व न्यूनतम जमा करवाई जा सकने वाली रकम में कितना अंतर होता है?


4. मोहन ने अपनी लड़की का 8 साल की आयु में सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया। यदि वह हर माह 350 रूपए जमा करवाए तो 18 वर्ष की आयु में उसकी बेटी के खाते में उसकी तरफ से कितने रूपए जमा हुए

5. सुकन्या समृद्धि खाता योजना भारत सरकार का कौन सा विभाग चलाता है?

(क) भारतीय स्टेट बैंक (ख) वित्त मंत्रालय (ग) मुख्यमंत्री (घ) भारतीय डाक विभाग

**- दलीप कुमार, हिंदी प्राध्यापक रा० व ० मा ० वि ० ढंढेरी (हिसार)**

**प्रतिमान -9  (फेस  मास्क)**




प्रश्न-1 फेस मास्क पहनना क्यों अनिवार्य है?

प्रश्न-2  किसी दुकानदार ने सोमवार को 70 मास्क बेचे और मंगलावर को 90 मास्क बेचे| बताइये सोमवार को कितने प्रतिशत कम मास्क बेचे गए ?

प्रश्न-3 एक फेस मास्क की कीमत ₹ 50  है। 10% छूट देने पर मास्क की कीमत क्या होगी ?


प्रश्न-4 संक्रमण से फ़ैलने वाली किन्ही दो बीमारियों के नाम लिखिए

प्रश्न-5 फेस मास्क निम्न माध्यमो से संक्रमण को रोकता है –

क) नाक ख) कान ग) मुँह घ) नाक व मुँह दोनों

**-बलबीर सिंह पूनिया  जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,मात्रश्याम (हिसार)**

**प्रतिमान -**10 **(दवा सम्बंधित)**




प्रश्न- 1 थायराइड बीमारी शरीर की किस ग्रंथी से सम्बंधित है –

क) अमाशय ख) किडनी ग) गला घ ) लीवर

प्रश्न- 2 शरीर में शर्करा की असंतुलित मात्रा किस बीमारी का लक्षण है ?

प्रश्न- 3 विज्ञापन के अनुसार लगभग 40 करोड़ लोग कोई न कोई दवा खा रहे हैं| उनमें से बी.पी की दवा खाने वाले लोगों का प्रतिशत कितना है ?

प्रश्न- 4 आयुर्वेद किस वेद की उप-शाखा है – क) ऋग्वेद ख) अथर्ववेद ग) सामवेद घ) यजुर्वेद

प्रश्न- 5 प्रदत्त विज्ञापन में दवाओं का क्या दुष्प्रभाव बताया गया है ?

- प्रवीण कुमारी प्रवक्ता हिंदी राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बडाला

प्रतिमान -**11** (कोरोना सम्बन्धित)




प्रश्न- 1 कोविड -19 से बचाव के लिए दिशा-निर्देश किस मंत्रालय द्वारा दिए गए हैं?

क. विज्ञान मंत्रालय

ख. मानव संसाधन एव विकास मंत्रालय

ग. गृह मंत्रालय

घ. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

प्रश्न- 2 उपर्युक्त विज्ञापन में सबसे नीचे कुछ वैबसाइट के चिह्न दिए गए हैं। इनमें से किन्हीं दो चिह्नों की पहचान करके बताएं कि वह कौन-सी वैबसाइट है?

प्रश्न-3 विज्ञापन में कहा गया है कि कोविड -19 संबन्धित जानकारी के लिए भारत सरकार की 24x7 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें। इसमें 24x7 का क्या अर्थ है?

क. ऐसी सुविधा जो सात घंटे के लिए उपलब्ध है।

ख. ऐसी सुविधा जो 24 महीने के लिए उपलब्ध है ।

ग. ऐसी सुविधा जो हर दिन हर समय उपलब्ध है ।

घ. ऐसी सुविधा जो केवल 24 घंटे के लिए उपलब्ध है।

प्रश्न - 4 कोरोना से बचाव के लिए आप दो पंक्तियों का एक स्लोगन लिखिए ।

प्रश्न - 5 विज्ञापन में कोरोना से बचने के तीन प्रमुख दिशा-निर्देश दिये गए हैं। क्या आप इनके अतिरिक्त कोई दो तरीके बता सकते हैं जिससे कोरोना से बचाव किया जा सके?

प्रश्न - 6 विज्ञापन में सुरक्षा के लिए आवश्यक दूरी ‘दो गज’ को फुट में परिवर्तित करने पर क्या उत्तर प्राप्त होगा ?

क. 3 फुट

ख. 6 फुट

ग. 8 फुट

घ. 10 फुट

**- चेतना जठोल. बी0 आर0 पी0 हिन्दी, मातनहेल ब्लाक**

उत्तरमाला

प्रतिमान -1

उत्तर -1 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -2 -छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -3 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -4 - 1 घंटा

उत्तर -5 - 1 घंटा 20 मिनट

प्रतिमान -2

उत्तर -1 - पर्याप्त

उत्तर -2 -2560 रु

उत्तर -3 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -4 - 10 घण्टे 42 मिनट

उत्तर -5 - 11 घंटे 18 मिनट

प्रतिमान -3

उत्तर -1 - 1400 रु

उत्तर -2 -छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -3 - पिताजी व बस के कुछ और यात्री

उत्तर -4 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -5 - 274.50 रु

प्रतिमान -4

उत्तर -1 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -2 -छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -3  - 622 वर्ष पूर्व

उत्तर -4 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -5 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

प्रतिमान -5

उत्तर -1 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -2  -छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -3  - सुख-दुःख ,हँसेंगे-रोएँगे

उत्तर -4 - थोड़ा-सा सुख

उत्तर -5 - 750 रु.मासिक

प्रतिमान -6

उत्तर -1 -छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -2  -छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -3  - 5 प्रकार

उत्तर -4 - हर पीली चीज सोना नहीं होती ,वैसे ही हर तुलसी ड्राप्स ...

उत्तर -5 - 40 दिन

प्रतिमान -7

उत्तर -1 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -2  -70000 रु

उत्तर -3  - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -4 - 50 %

उत्तर -5 - आम एवं बेर  हेतु सहायता का प्रतिमान 2 हेक्टेयर प्रति लाभार्थी है ।

प्रतिमान -8

उत्तर -1 - जन्म से 10 वर्ष

उत्तर -2 -जन्म प्रमाण पत्र /माता-पिता या वैधानिक संरक्षक का फोटो-पहचान पत्र /निवास प्रमाण पत्र

उत्तर -3 - 149750 रु

उत्तर -4 - 42000 रु

उत्तर -5 - भारतीय डाक विभाग

प्रतिमान -9

उत्तर -1 - संक्रमण बचाव

उत्तर -2 -22.22 %

उत्तर -3 - 45 रु

उत्तर -4 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -5 - नाक व मुँह दोनों

प्रतिमान -10

उत्तर -1 - गला

उत्तर -2 -शुगर

उत्तर -3 - 20 %

उत्तर -4 - यजुर्वेद

उत्तर -5 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

प्रतिमान -11

उत्तर -1 - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

उत्तर -2 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -3 -ऐसी सुविधा जो हर दिन हर समय उपलब्ध है

उत्तर -4 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर -5 - छात्र स्व -विवेक से उत्तर देंगे।

उत्तर-6 - 6 फुट